भारत सरकार

आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 6377

02 अप्रैल, 2026 को उत्तर दिए जाने के लिए

वाराणसी में मेट्रो रेल सेवाएं

6377. श्री वीरेन्द्र सिंहः

क्या **आवासन और शहरी कार्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले में मेट्रो रेल सेवाएं आरंभ करने का प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

आवासन और शहरी कार्य राज्य मंत्री

(श्री तोखन साहू)

(क) और (ख) शहरी परिवहन शहरी विकास का हिस्सा है, जो राज्य का विषय है। संबंधित राज्य सरकार शहरी परिवहन परियोजना, जिसमें मेट्रो रेल परियोजनाएं शामिल हैं, की आयोजना, शुरुआत और विकास के लिए जिम्मेदार है। केंद्र सरकार मेट्रो रेल नीति, 2017 के प्रावधान के अनुसार मेट्रो रेल परियोजनाओं के संबंध में संबंधित राज्य सरकार द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किए जाने पर उस प्रस्ताव की व्यवहार्यता और संसाधनों की उपलब्धता के आधार पर वित्तीय सहायता प्रदान करती है। वर्तमान में मेट्रो रेल नीति, 2017 के संदर्भ में उत्तर प्रदेश सरकार से वाराणसी में मेट्रो रेल सेवाओं के लिए कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****